हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

02 जनवरी 2025, समय 1810

- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आगामी केंद्रीय बजट को लेकर वित्तीय क्षेत्र और पूंजी बाजार के हितधारकों के साथ चर्चा की।
- हरियाणा सरकार किसानों को झींगा मछली पालन के लिए प्रोत्साहित करेगी।
- अधिकारियों को केंद्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने के लिए ठोस रणनीति बनाने के निर्देश दिए गए।
- कोयम्बटूर के गन्ना प्रजनन संस्थान के वैज्ञानिकों ने गन्ने के रस का पाउडर तैयार किया।
- हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा और आम किसानों ने केंद्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा किसानों के हित में लिए गए फैसलों की सराहना की।
- किसानों को डी.ए.पी खाद किफायती दरों पर मिलेगी।

*******************************************************

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज नई दिल्ली में आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 के संबंध में वित्तीय क्षेत्र और पूंजी बाजार के हितधारकों के साथ सातवें बजट पूर्व परामर्श की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्रीय वित्त सचिव, सचिव दीपम, आर्थिक मामलों के सचिव और मुख्य

आर्थिक सलाहकार शामिल हुए।इससे पहले श्रीमती सीतारामन ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों, उद्योग प्रतिनिधियों, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों, विभिन्न किसान संघों और प्रमुख कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की थी। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट इस साल 1 फरवरी को संसद में पेश किए जाने की उम्मीद है। यह वित्त मंत्री सीतारामन का लगातार आठवां बजट होगा।

*******************************************************

हरियाणा सरकार भविष्य में मत्स्य पालन पर भी विशेष ध्यान देगी। मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने आज विभाग के अधिकारियों की बैठक के बाद यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि अधिकारियों को केंद्र और राज्य प्रायोजित योजनाओं को सभी किसानों तक पहुंचाने के लिए ठोस रणनीतियां बनाने और इनके प्रति जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को राज्य में मछली की खुराक का उत्पादन बढ़ाने के लिए नए संयंत्र स्थापित करने के उपाय तलाशने की हिदायत भी की गई है।मंत्री ने झींगा मछली पालन को किसानों के लिए लाभप्रद बताते हुए कहा कि किसानों को झींगा पालन के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि विभागीय योजनाओं का लाभ मछली पालकों तक प्रभावी रूप से पहुंचे, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके।श्री राणा ने अधिकारियों को मछली पालकों के डेटा के डिजिटलीकरण करने की प्रक्रिया को तेज करने के भी निर्देश दिए हैं।

*******************************************************

गन्ना प्रजनन संस्थान कोयम्बटूर के वैज्ञानिकों ने गन्ने के रस का पाउडर तैयार किया है, जिससे हर मौसम में गन्ने के रस का स्वाद लेना

संभव हो गया है। वैज्ञानिकों का दावा है कि गन्ने का यह रस पाउडर पोषक तत्वों से परिपूर्ण रहेगा।

गन्ने के रस का पाउडर पैकेट बंद होगा और इसकी वैधता निर्माण से छह महीने की होगी। यह रस पाउडर प्राकृतिक ही नहीं, बल्कि लेमन फ्लेवर में भी उपलब्ध होगा। 200 मिलीलीटर पानी में मिलाकर गन्ने का ताजा रस तैयार किया जा सकता है।

डॉ. एमएल छाबड़ा ने बताया कि करनाल स्थित गन्ना अनुसंधान केंद्र में गन्ने के रस से रसायन रहित गुड़ तैयार किया जा रहा है। -

उन्होंने बताया कि गन्ना अनुसंधान केंद्र गन्ने की नई किस्मों पर लगातार शोध कर रहा है और ऐसी किस्मे तैयार की जा रही है जो अधिक उत्पादन देने के साथ-साथ ज्यादा मीठी हों। इस वर्ष इन किस्मों को किसानों के लिए जारी किया जाएगा।

*******************************************************

हरियाणा के पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा है कि पूरे राज्य में मोबाइल पशु चिकित्सा क्लीनिक शुरू करने की योजना पर विचार किया जा रहा है। इस कदम से पशु चिकित्सा देखभाल तक आसान पहुंच और व्यापक कवरेज सुनिश्चित की जा सकेगी। पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ बजट पूर्व चर्चा के बाद उन्होंने यह जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए पशुधन और किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता होगी।

*******************************************************

हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने आज केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए लिए गए दूरदर्शी फैंसलों की सराहना की। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया ।चंडीगढ़ में जारी एक बयान में श्री राणा ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पोषक तत्व आधारित सब्सिडी के अतिरिक्त डीएपी खाद पर प्रति मीट्रिक टन पर 3,500 रुपए की दर से एक बार के विशेष पैकेज को मंजूरी दी है। इससे किसानों को किफायती दरों पर डीएपी उपलब्ध होगी ।

आकाशवाणी समाचार ने इस पर किसानों की प्रतिक्रिया ली । -

किफायती दरों पर डीएपी की उपलब्धता आगामी खरीफ और रबी सीजन में किसानों के वित्तीय बोझ को कम करने और कृषि उत्पादकता बढ़ाने में सहायक होगी।

केंद्र सरकार ने बताया कि अप्रैल से अब तक डीएपी के लिए विशेष पैकेज 6 हजार 475 करोड़ रुपए से अधिक हो चुका है।

*****************************************************

पलवल जिले के गांव दूधौला स्थित श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में व पलवल के नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में कल से 5 जनवरी तक राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि महोत्सव में समस्त हरियाणा से लगभग एक हजार युवा भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि 4 जनवरी को सायं कालीन सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कल महोत्सव का उद्घाटन और 5 जनवरी को समापन समारोह श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में होगा।

*******************************************************

पंजाब, हरियाणा और चण्डीगढ़ में ठंड और कोहरे का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने आज रात भी घना कोहरा छाने का अनुमान लगाया है।सिरसा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि सिरसा व आसपास के इलाकों में पिछले दिनों से रुक रुक कर हो रही बरसात फसलों के लिए फायदेमंद साबित हुई है। बारिश के बाद अब कोहरा पड़ने से भी गेहूं , सरसों और चने की फसलों को लाभ मिल रहा है।

कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार अगले दिनों तक सिरसा में कोहरा जारी रहने की संभावना है।जो फसलों के लिए अच्छा है।

*******************************************************

हरियाणा सरकार ने कहा है कि चरखी दादरी के पिचोपा कलां गांव में खनन क्षेत्र में पहाड़ खिसकने की घटना और गाड़ियों के मलबे में दबे होने के संबंध में प्रकाशित खबर भ्रामक है और पूरी तरह निराधार है। घटना के संबंध में स्पष्ट किया गया है कि इसमें किसी भी प्रकार के जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। जिस व्यक्ति का घायल होना बताया जा रहा है उसे छोटे पत्थर के खिसकने से मामूली चोट लगी है।